## एक नजर में

### बकायादारों पर की गई सख्ती, नगर पालिका की टीम ने घर-घर पहुंचकर की टैक्स वसूली



**शुजालपुर।** नगर पालिका द्वारा मार्च 2026 में संपत्ति कर, जलकर, भवन भूमि तथा दुकान किराया वसूली को लेकर अभियान तेज कर दिया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने शुक्रवार को शहर में घर-घर और दुकान-दुकान पहुंचकर बकायेदारों से संपर्क कर कर वसूली की कार्रवाई की। इस दौरान बड़े बकायेदारों को सख्त चेतावनी दी गई कि यदि लीजधारी दुकानदार किराया जमा नहीं करते हैं तो उनकी लीज निरस्त कर दुकानों पर ताला लगाया जाएगा। वहीं संपत्तिकर और जलकर के बकायेदारों के नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी की जाएगी, अधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार कर वसूली के लिए सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी।

### खाड़ी देशों में रह रहे मप्र के निवासियों की सहायता के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सोयतकलां।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्तमान अप्रत्याशित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए खाड़ी देशों में निवासरत मध्यप्रदेश के नागरिकों की सहायता के उद्देश्य से मध्यप्रदेश भवन नई दिल्ली में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यह कंट्रोल रूम खाड़ी देशों में अध्ययन, रोजगार, व्यवसाय, पर्यटन अथवा अन्य कारणों से रह रहे प्रदेशवासियों को आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करेगा। किसी भी प्रकार की आपात अथवा सामान्य सहायता की आवश्यकता होने पर संबंधित व्यक्ति अथवा उनके परिजन कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं। कंट्रोल रूम के माध्यम से आवश्यकतानुसार भारत सरकार तथा अन्य संबंधित एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश शासन ने खाड़ी देशों में रह रहे समस्त मध्यप्रदेशवासियों से अपील की है कि आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध कराए गए संपर्क माध्यमों का उपयोग करें।

### यूपीएससी में सफलता, संभाग में खुशी की लहर, ऑल इंडिया रैंक 666 प्राप्त



**शुजालपुर।** संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की प्रतिष्ठित परीक्षा में क्षेत्र के होनहार युवक राजवर्धन सिंह सिसोदिया ने सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है, उन्हें परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 666 प्राप्त हुई है, उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। राजवर्धन सिंह सिसोदिया के पिता गजेन्द्र सिंह सिसोदिया एवं दादाजी कमल सिंह सिसोदिया हैं। प्रारंभिक शिक्षा दिप्ती कान्वेंट स्कूल शुजालपुर से करने के बाद एलएलबी जे एनएस कालेज शुजालपुर से विधि की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने प्रशासनिक सेवा में जाने का लक्ष्य तय कर लिया था और लगातार परिश्रम करते हुए उन्होंने यह सफलता हासिल की। परिजनों के अनुसार राजवर्धन ने अपनी पढ़ाई के लिए नियमित और अनुशासित दिनचर्या अपनाई, वे प्रतिदिन करीब 18 से 20 घंटे तक अध्ययन करते थे और मोबाइल व अन्य सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पूरी तरह पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करते थे। कठिन परिश्रम और लगन के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। राजवर्धन की सफलता से परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है, कई लोगों ने उनके घर पहुंचकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्रवासियों का कहना है कि उनकी यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### रंगपंचमी पर जिले में शुष्क दिवस घोषित

**सोयतकलां।** रंगपंचमी के त्यौहार पर लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु कलेक्टर प्रीति यादव ने 7 मार्च की रात 11।30 बजे से 08 मार्च को शाम 4 बजे तक शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें एवं वाईन शॉप आउटलेट पूर्णत: बंद रहेगी और मदिरा का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा।

### उपज का भाव कम मिलने पर किसानों ने कुछ समय के लिए नीलामी रोकी

**बड़ौद।** किसानों ने शुक्रवार को अपनी उपज का भाव कम मिलने से नाराज़ होकर मंडी में नीलामी कार्य कुछ समय के लिए बंद कर दिया। किसानों का कहना था कि उनकी फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। किसान शाहिद मंसूरी द्वारा बताया गया कि मेरी फसल राइडा पूरी तरह सूखी व साफ है लेकिन मंडी में आने पर व्यापारियों द्वारा उसका उचित दाम नहीं दिया जा रहा है। जिससे मुझे वह किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए मौके पर थाना प्रभारी रूपसिंह बेश, मंडी सचिव हालिम खान एवं प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और किसानों से चर्चा शुरू की। अधिकारियों द्वारा किसानों को समझाईश दी जा रही है तथा उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान निकालने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों और प्रशासन के बीच बातचीत जारी है, ताकि जल्द ही सहमति बन सके और मंडी में नीलामी कार्य फिर से सुचारु रूप से शुरू हो सके।

### जिला स्तर पर 9 मार्च को होगा कार्यक्रम

**शाजापुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के उपलक्ष्य में अस्मिता योजना अंतर्गत बालिकाओ एवं महिलाओं के लिए 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड एवं अन्य मनोरंजन कार्यक्रम का एक दिवसीय जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजन करने संबंधी दिशा निर्देश दिए गए हैं। मेरा युवा भारत जिला शाजापुर द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 9 मार्च को सुबह 8 से 11 बजे से स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउण्ड शाजापुर में आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला पंचायत शाजापुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुपमा चौहान को नोडल अधिकारी नियुक्त कर अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। जिला पंचायत सीईओ ने कार्यक्रम के लिए सभी अधिकारीगणों से माय भारत पोर्टल पर बालिकाओं व महिलाओ का पंजीयन करवाने के निर्देश दिये हैं। जिला पंचायत सीईओ चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ आयु वर्ग 0 से 13 आयु वर्ग व 13 से 18 वर्ष एवं 18 वर्ष व सभी उम्र की बालिका व महिलाओं के लिए आमंत्रित की गई। जिसमें अपेक्षित प्रतिभागियों में लगभग 1000 महिलाएं व लड़कियां रहेगी। प्रतियोगिता के लिए पंजीयन कराए जा सकते हैं। कार्यक्रम पंजीयन स्थल बालक एवं बालिका छात्रावास उत्कृष्ट विद्यालय परिसर शाजापुर रहेगा तथा कार्यक्रम आयोजन व समापन स्थल शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान परिसर शाजापुर रहेगा। कार्यक्रम समापन एवं पुरस्कार वितरण स्थल । शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर का बहुउद्देशीय हॉल परिसर जिला शाजापुर, कार्यक्रम की गतिविधि में प्रतिभाग करने के लिए अस्मिता पोर्टल एवं पोर्टल पर पंजीयन आवश्यक है। पंजीयन हेतु प्रतिभागी का आधारकार्ड एवं आधार कार्ड मे लिखित मोबाईल नंबर, ओटीपी हेतु साथ मे लेकर आएं। 08 मार्च को मालवा अंचल में रंगपंचमी का त्यौहार होने से कार्यक्रम 9 मार्च का आयोजित किया जाएगा।

# रंगपंचमी पर उमड़ेगा आस्था का जनसैलाब

## 15 दिवसीय श्री गरीबनाथ मेले का शुभारंभ आज से, दूर-दराज से आते हैं हजारों श्रद्धालु

**शुजालपुर। रंगपंचमी के अवसर पर जहां देशभर में लोग रंग-गुलाल से होली का उल्लास मनाते हैं। वहीं अवंतीपुर बड़ोदिया में संत बाबा गरीबनाथ का पुण्य स्मरण कर आस्था का अद्भुत पर्व मनाया जाता है। इसी अवसर पर प्रसिद्ध श्री गरीबनाथ मेला प्रारंभ होगा, जो 7 मार्च से 21 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। मेले में दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर बाबा की समाधि पर नतमस्तक होंगे।**

### रोग से मुक्ति सहित कई मन्नतें होती है पूरी

श्रद्धालुओं की मान्यता है कि बाबा गरीबनाथ की समाधि पर डाले गए नमक, पान, नारियल सहित अन्य सामग्री को एक वर्ष बाद भी मिट्टी में दबे रहने के बावजूद यथावत पाया जाता है, इसे श्रद्धालु बाबा की बरकत मानते हैं और औषधि के रूप में भी उपयोग करते हैं, यह भी मान्यता है कि बाबा के दरबार में संतान प्राप्ति, रोग मुक्ति और सुख-समृद्धि की कामनाएं पूरी होती हैं। संतान की इच्छा रखने वाली महिलाएं ध्वज पर गोबर से उल्टा स्वास्तिक बनाती हैं और मनोकामना पूर्ण होने पर अगले वर्ष उसे सीधा कर तुलादान व मंगलगीत के साथ मान उतारती हैं, रंगपंचमी पर प्रारंभ होने वाला यह मेला क्षेत्र की आस्था, परंपरा और विश्वास का प्रमुख केंद्र माना जाता है, जहां हर वर्ष हजारों श्रद्धालु बाबा गरीबनाथ के दर्शन करने पहुंचते हैं।



परंपरा के अनुसार रंगपंचमी के दिन समाधि स्थल पर स्थापित लगभग 85 फीट ऊंचे ध्वज को सुबह करीब 9 बजे मोटे रस्सों की सहायता से उतारा जाता है और शाम 4 बजे पुन: चढ़ाया जाता है। सागौन की लकड़ी के पाटों से निर्मित इस ध्वज को उतारने-चढ़ाने का कार्य अनुभवी लोगों द्वारा किया जाता है। इस अनूठी परंपरा को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण एकत्रित होते हैं।

### प्राचीन मान्यता से जुड़ी है परंपरा...

प्राचीन उल्लेखों के अनुसार बाबा गरीबनाथ का जन्म उत्तर प्रदेश के झांसी में एक गोस्वामी परिवार में हुआ था। अपने भाइयों के साथ देशाटन करते हुए वे संवत 1244 में अवंतीपुर बड़ोदिया पहुंचे और नेवज नदी के तट पर कुटिया बनाकर साधना करने लगे। बताया जाता है कि संवत 1345 में उन्होंने यहीं जीवित समाधि ली। कहा जाता है कि तीर्थ यात्रा के दौरान नगरवासियों को उत्तर प्रदेश के सोंरम घाट पर बाबा के दर्शन हुए। ग्रामीणों के आग्रह पर जब उन्हें पालकी में लेकर लौटाया जा रहा था, तब लश्कर ग्वालियर में रात्रि विश्राम के दौरान वे अंतर्ध्यान हो गए। वहां एक पत्र मिला, जिसमें उन्होंने रंगपंचमी के दिन सागौन की लकड़ी के नौ पाटों से ध्वज बनाकर विधिविधान से उतारने-चढ़ाने की परंपरा प्रारंभ करने का संदेश दिया था तभी से यह परंपरा आज तक श्रद्धा और विश्वास के साथ निभाई जा रही है।

# उपार्जन की सभी तैयारियां समय पर करें पूर्ण

## कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक में शत प्रतिशत सत्यापन के भी दिए निर्देश

**सोयतकलां, 6 मार्च। गेहूं उपार्जन प्रक्रिया में जिले के कृषकों को किसी तरह की परेशानी न आएं, सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाए।**

**यह निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने शुक्रवार को रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की आगामी तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में दिए। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों का निर्धारण, स्थापना और केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।**



बैठक में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम आगर मिलिन्द ढ़ोके, एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव, जिला आपूर्ति अधिकारी एमएल मालवीय, उप संचालक कृषि विजय चौरसिया, अधीक्षक भू अभिलेख प्रीति चौहान, उपायुक्त सहकारिता, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक वेयरहाउसिंग, जिला प्रबंधक मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज, अधीक्षक भूअभिलेख, कृषि उपज मंडियों के सचिव, जिला प्रबंधक एनआरएलएम तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर द्वारा विगत वर्ष की गेहूं खरीदी एवं परिवहन की समीक्षा करते हुए इस वर्ष जिले में संभावित उपार्जन, रकबा एवं भंडारण व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि जिले में किसानों के पंजीयन का शत प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उपार्जित गेहूं के भंडारण एवं परिवहन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी एवं एमपीएससीएससी को निर्देश दिए। भंडारण क्षमता में कमी की स्थिति में अन्य जिलों में उपलब्ध रिक्त क्षमता की जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने मंडी सचिवों को निर्देशित किया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए स्वच्छ पेयजल, बैठने हेतु छाया तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

### कृषक पंजीयन की अंतिम तिथि अब 10 मार्च...

कृषक हित को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी हेतु किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च 2026 कर दी गई है। जिले के कृषक निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन अवश्य कराएं।

# चित्रगुप्त मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ होली मिलन समारोह



**शुजालपुर। होली पर्व के बाद यम द्वितीया के अवसर पर कायस्थ समाज शुजालपुर द्वारा किला स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में पूजा-अर्चना कर होली मिलन समारोह मनाया गया। इस दौरान समाजजनों ने सामूहिक महाआरती कर भगवान चित्रगुप्त का पूजन किया।**

**कायस्थ महासभा युवा इकाई के जिलाध्यक्ष गौरव सक्सेना ने बताया कि भाई दूज के अवसर पर समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की सामूहिक महाआरती और कलम-दवात पूजन पंडित तरुण उपाध्याय द्वारा विधिविधान से संपन्न कराया गया। इसके बाद आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में समाजजनों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और फूलों की होली खेलकर पर्व की खुशियां साझा कीं।**

इस अवसर पर कायस्थ महासभा शुजालपुर के अध्यक्ष शैलेन्द्र सक्सेना एडवोकेट ने मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी देते हुए वर्षभर की सामाजिक गतिविधियों से समाजजनों को अवगत कराया तथा मंदिर निर्माण में सहयोग देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कायस्थ महासभा संरक्षक रमेशचंद्र सक्सेना, सचिव संतोष सक्सेना, कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र श्रीवास्तव, सरपंच ओमप्रकाश सक्सेना सहित मनोहर सक्सेना, ओम सक्सेना, बंटी श्रीवास्तव, कमल किशोर श्रीवास्तव, गोविन्द प्रसाद सक्सेना, सुरेश सक्सेना, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, नरेन्द्र सक्सेना, अशोक श्रीवास्तव, जितेन्द्र श्रीवास्तव, महेश सक्सेना, श्याम सक्सेना, लेखराज सक्सेना, छोटू सक्सेना, ज्योति सक्सेना, मनीषा सक्सेना सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे, कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी मनोज सक्सेना ने दी।

### मावा, जलेबी सहित अन्य खाद्य सामग्री के लिए सैंपल

**शाजापुर।** कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देश और अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर के मार्गदर्शन में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा के संयुक्त दल की औचक निरीक्षण कार्यवाही में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा सर्वप्रथम शिकायती सूचना पर शाजापुर नगर के शिवम मावा भंडार से मावा एवं न्यू अशोक उपहार गृह से मावा तथा जलेबी और सेवा बाजार किराना दुकान से रोस्टेड पोहा एवं सौंफ के सैंपल संग्रहित कर पांचों नमूने जांच के लिए खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट एवं विवेचना के आधार पर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। पक्के बिलों का संधारण करने, स्वच्छता से कार्य करने, परिसर में साफ सफाई रखने, खरीदी बिल के संग्रहण विक्रय रिकॉर्ड संधारित करने, गुणवत्ता पूर्ण एवं मानक स्तर की खाद्य सामग्री का ही संग्रहण तथा विक्रय करने के निर्देश दिए। जांच दल में प्रभारी नाहिद अंजुम नायब तहसीलदार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा एवं केएल कुम्भकार, पुलिस बल एवं पटवारी शामिल रहे।

# आदर्श रूप में विकसित हों पीएमश्री स्कूल

**शाजापुर। केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण विभाग संयुक्त सचिव मोनाली पी धकाते, कलेक्टर ऋजु बाफना एवं लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल सहायक संचालक शीलू शर्मा की अध्यक्षता में शाजापुर जिले के सभी पीएम विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में जिले में संचालित पीएम श्री विद्यालय जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय शाजापुर, जवाहर नवोदय विद्यालय अरनियाकलां, पीएम श्री उमावि तिलक मक्सी, पीएम श्री उमावि चौमा, पीएम श्री उमावि शुजालपुर मंडी, पीएम श्री हाईस्कूल चाकरोद, पीएम श्री मावि कमलियाखेड़ी, पीएम श्री मावि नांदनी, पीएम श्री उमावि पनवाड़ी, पीएम श्री हाईस्कूल पिपल्या नगर एवं पीएम श्री हाईस्कूल आरोलिया की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। संयुक्त सचिव श्रीमती धकाते द्वारा विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने, ड्रॉपआउट दर कम करने तथा स्थानीय स्तर पर नवाचार अपनाकर शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

उन्होंने कहा कि पीएम श्री विद्यालयों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों के रूप में विकसित किया जाना है, जिसके लिए विद्यालय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, छात्र केंद्रित गतिविधियां तथा नवाचारी पहल अत्यंत आवश्यक हैं। कलेक्टर ने जिले के विद्यालयों में की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी।

# पीएम कॉलेज में मना राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा पखवाड़ा

**शाजापुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय शाजापुर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से प्रभारी प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा की अध्यक्षता में मां सरस्वती के पूजन अर्चन के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पखवाड़ा मनाया गया।**




इस अवसर पर स्वागत भाषण व अतिथि परिचय प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. बीएल मालवीय ने दिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में पधारे साइबर सेल अधिकारी विकास तिवारी ने कहा कि किसी भी ऐप या लिंक का उपयोग करते समय सावधान रहें, नहीं तो आप ठगे जा सकते हैं। इस अवसर पर साइबन सेल के संयोजक राजेश डांगी, डॉ.आरसी चौहान, प्रो. मीनू गिडवानी, डॉ. दिनेश निगवाल, डॉ. बीके सोलंकी, डॉ. सुनील आडवानी, डॉ. प्रवीण सोनी, डा. श्वेता चौहान, डॉ. निलेश महाजन, डॉ. सोनी, डॉ. डीआर राठौर, प्रो. प्रकाश बर्फा, डॉ. टीएल चौहान, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, प्रो. प्रतिका परमार, डा. भगवानलाल कलाल, राजकुमार सिनोरिया, विनोद परमार, मुकेश सोलंकी साथ ही महाविद्यालय का स्टॉफ, छात्र, छात्राएं बडी संख्या में उपस्थित रहे। संचालन प्रो। प्रिया जोशी ने किया और आभार प्रो. प्रकाश बर्फा ने माना।

## एक नजर में

### युवा संगम-रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप मेला लगा, 198 ने कराया पंजीयन

# 93 युवाओं का प्रारंभिक चयन, डेढ़ दर्जन को मिलेगा स्वरोजगार

**सोयतकलां। तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार विभाग और कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय बड़ौद द्वारा गुरुवार को शासकीय महाविद्यालय बड़ौद में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया।**




कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ।वंदना शर्मा एवं आईटीआई प्राचार्य सुमित रत्न पारखी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मेले में कुल 198 आवेदकों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीयन कराया। जिनमें से 93 शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों का रोजगार हेतु प्रारंभिक चयन किया गया। वहीं 30 आवेदकों का प्रशिक्षण के लिए चयन, 16 युवाओं का स्वरोजगार हेतु चयन तथा मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना एवं प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप योजना के अंतर्गत 2 आवेदकों का पंजीयन किया गया। इस दौरान आईटीआई द्वारा विकसित भारत रोजगार योजना की जानकारी दी गई तथा करीब 100 विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मेले में टीएसपीएल पुणे, एडब्ल्यूपीएल सेल्स मार्केटिंग नई दिल्ली, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस आगर मालवा, बीओआई आरसेटी आगर, स्माइल फाउंडेशन नई दिल्ली, आरबीआई देवास, एमसीसी इंदौर एवं वीजी, एग्रो बायोटेक भोपाल सहित विभिन्न कंपनियों ने भाग लेकर फील्ड ऑफिसर, ब्रांच मैनेजर, बीमा अभिकर्ता, प्लम्बर, सिक्योरिटी गार्ड, टेलीकॉलर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कंप्यूटर ऑपरेटर, मशीन ऑपरेटर एवं फार्मा सेल्स एग्जीक्यूटिव सहित अन्य पदों पर भर्ती की प्रक्रिया संपन्न की।

कार्यक्रम में स्टार्टअप, स्वरोजगार, राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना और प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी भी युवाओं को प्रदान की गई। वित्तीय जागरूकता संबंधी जानकारी कल्पना श्रीवास्तव आरबीआई देवास द्वारा दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ।वंदना शर्मा, जिला रोजगार अधिकारी संजीव कुमार पाटिल, आईटीआई प्राचार्य सुमित रत्न पारखी, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. मीनल मेहणा, डॉ. राहुल पाटीदार, बहादुर सिंह धरवे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवक युवतियां शामिल हुए।

### मूल्यांकन कार्य का किया अवलोकन

**शाजापुर।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जिले में भी कक्षा 5 और 8 वीं के वार्षिक मूल्यांकन का कार्य शुरू हो चुका है। इसी क्रम में शाजापुर विकासखंड की कक्षा 5 एवं कक्षा 8 की वार्षिक मूल्यांकन कार्य डाइट शाजापुर में शुक्रवार से शुरू हुआ। जिसमें करीब 300 मूल्यांकनकर्ताओ द्वारा मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है। पहले दिन डाइट प्राचार्य श्रीमती अनीता श्रीवास्तव द्वारा उक्त मूल्यांकन कार्य का अवलोकन किया गया, जो सभी मूल्यांकनकर्ताओ को मूल्यांकन की गोपनीयता को बनाए रखते हुए कार्य करने के दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डाइट व्याख्याता एवं मूल्यांकन स्ट्रांग रूम प्रभारी एमडी शर्मा, बीआरसी योगेश भावसार, व्याख्याता महेश भेसानिया, बीएल बैरागी, अशोक कारपेंटर, बीएसी सुनील विश्वकर्मा, देवेन्द्र पाठक, प्रमोद गुप्ता आदि उपस्थित थे।